| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>**गोपा राम सिरवी**<br>**बनाम**<br>**लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार बिलाड़ा)**<br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353889898966522 | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 26/11/25 | अपीलार्थी गोपा राम सिरवी निवासी वार्ड नम्बर 22, बिलाड़ा, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र में दिनांक 15.09.2025 जसवंत सागर बांध (पिचियाक) से निकलने वाली नहर (जनसंघ फाटक से बाला गांव) के दोनों तरफ खाली स्थान छोडने के संबंध में व अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए प्रेपित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(गौरव अग्रवाल)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर | |

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.11.26 17:43:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19056981